# ।। कार्यालय उप वन संरक्षक, कोटा (राज.)।।

(Nayapura, Civil Lines Kota Tel / Fax No. 0744-2322747 Email ID-dcf.kota.forest@Rajasthan.gov.in)

क्रमांकः–एफ ( )उवसं / सर्वे / 2019–20 / दिनांकः

निमित्तः–

अधिशाषी अभियंता,
जल संसाधन खण्ड,
कोटा।

विषयः–तहसील कनवास तथा तहसील सांगोद के संबंधित ग्रामों में प्रस्तावित भूमि के संबंध में।
संदर्भः–आपका पत्र क्रमांक अअ / जसख / कोटा / 2019–20 / 2845 दिनांक 18.09.2019.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रांक के क्रम में लेख है कि, नौनेरा बैराज परियोजना में आ रही वनभूमि के प्रत्यावर्तन हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत प्रस्ताव FP/RJ/1RR/G/35905/2018 के क्रम में उपखण्ड सांगोद द्वारा ग्राम बरा उपखण्ड अधिकारी, कनवास द्वारा ग्राम दाता, नालोदी, चक धुलेट के प्रस्तावों की प्रतियां में वर्णित खसरों के संबंध में तहसील कनवास के ग्राम दांता नालौदी, चक धुलेट एवं तहसील सांगोद के ग्राम बरा का खसरा मिलान क्षेत्रफल की फोटू प्रतियां अग्रिम कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को अग्रेषित की गयी है।

उपखण्ड सांगोद द्वारा ग्राम बरा व उपखण्ड अधिकारी कनवास द्वारा दांता, नालोदी, चक धुलेट की प्रस्तावित (राजस्व) भूमि Kml File के अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ है कि, उक्त ग्राम बरा, दाता, नालोदी व चक धुलेट की भूमि अतिक्रमित भूमि है एवं कुछ भूमि अभयारण्य के अन्तर्गत आ रही है। अतिक्रमण युक्त एवं पूर्व से ही वनभूमि होने से वन विभाग के लिये उपयुक्त नही है।

अतः उक्त प्रस्तावित ग्रामों के अतिरिक्त अन्य (राजस्व) भूमि प्रस्तावित कर प्रस्ताव भिजवाना सुनिश्चित करे, ताकि ग्रामों का संयुक्त मौका निरीक्षण कर अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

संलग्न–Kml फोटोप्रति

भवदीय

उप वन संरक्षक
कोटा

क्रमांकः–एफ ( )उवसं / सर्वे / 2019–20 / 10726–30 दिनांकः 23/10/2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. संभागीय मुख्य वन संरक्षक, कोटा।
2. जिला कलक्टर, कोटा।
3. उपखण्ड अधिकारी, कनवास / सांगोद।
4. तकनीकी शाखा, कार्यालय हाजा।

उप वन संरक्षक
कोटा